प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

00000

03.10.2023 / प्रादेशिक समाचार बुलेटिन / 9:20बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू आज शिमला के रिज मैदान में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित सुख आश्रय योजना के राज्य स्तरीय समारोह का शुभारम्भ करेंगें। कार्यक्रम में प्रदेश भर के विभिन्न आश्रमों से बच्चे भाग लेंगे। इस दौरान परिवहन निगम बच्चों की सुविधा के लिए स्पेशल टैक्सी सेवा का संचालन कर रहा है। मुख्यमंत्री कार्यक्रम में बाल आश्रम में रहने वाले 30 बच्चों को लैपटॉप प्रदान करेंगे। इसके अलावा 11वीं व 12वीं के 2 सौ 98 मेधावी बच्चों को भी लैपटॉप दिए जाएंगे। इसी दौरान मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के 67 लाभार्थियों को सम्मानित भी करेंगे जिन्होंने उच्च शिक्षा प्राप्त करने के साथ–साथ स्टार्ट अप के तहत स्वरोजगार प्राप्त किया है। इस योजना के तहत बेसहारा बच्चों की शिक्षा का खर्च 27 वर्ष तक प्रदेश सरकार उठाएगी। इस अवसर पर सामाजिक न्याय एंव अधिकारिता मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल भी मौजूद रहेंगे।

03.10.2023 / 09:20बजे / रितेश / प्रियंका / संजय

पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने कल शिमला के भट्टाकुफर में तीन दिवसीय वॉलीबॉल व कबड्डी प्रतियोगिता के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा की वर्तमान राज्य सरकार खेलों को बढ़ावा दे रही है ताकि युवा पीढ़ी को सकारात्मक कार्यों की ओर प्रेरित किया जा सके और राष्ट्र निर्माण में वह अपना योगदान दे सकें। उन्होंने भट्टाकुफर खेल मैदान को इनडोर स्टेडियम बनाने का आश्वासन दिया और पंचायत घर चमियाना

को 1 करोड़ 14 लाख रूपये देने की घोषणा भी की। उन्होंने बताया कि वर्तमान राज्य सरकार ने खेल कोटा तीन से पांच प्रतिशत कर दिया है ताकि युवा पीढ़ी खेलों की ओर प्रोत्साहित हो। अनिरुद्ध सिंह ने सुपर स्पेशलिटी अस्पताल चमियाना में 14 ओपीडी शुरू करने का आश्वासन दिया ताकि स्थानीय लोगों को आधुनिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सके। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए और उन्हें हर संभव सहायता प्रदान करने की बात कही।

छूट

आपदा के बाद हिमाचल में सैलानियों की सुविधा के लिए पर्यटन विकास निगम के चयनित होटलों में एडवांस बुकिंग पर 20 प्रतिशत छूट की अवधि को 31 अक्तूबर तक बढ़ा दिया गया है। निगम के प्रबंध निदेशक अमित कश्यप ने बताया कि सैलानियों के लिए कई अन्य आकर्षक पैकेज भी जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि इसके अलावा दो दिनों का ट्राइबल साइट सीन टुअर पैकेज भी जारी किया गया है। इसके तहत मनाली–केलांग–बारालाचा पास–त्रिलोकीनाथ–उदयपुर पर्यटक स्थल शामिल हैं। इसके अतिरिक्त प्रदेश के निजी होटलों और होम स्टे संचालकों ने भी अक्तूबर माह के लिए एडवांस बुकिंग पर 30 से 50 फीसदी तक छूट का ऐलान किया है।

अभियान

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर पूर्ण स्वच्छता के दृष्टिकोण के साथ सरकारी कार्यालयों में स्वच्छता और लंबित मामलों को कम करने के साथ एक विशेष अभियान का तीसरा चरण कल से शुरू हो गया है। यह विशेष अभियान इस महीने की 31 तारीख तक जारी रहेगा। यह अभियान पिछले दो वर्षों में चलाए गए विशेष अभियानों की अगली कड़ी है। कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय के अनुसार, पिछले दो स्वच्छता अभियानों के दौरान लगभग 90 लाख वर्ग फुट प्रधान कार्यालय स्थान को साफ किया गया है और उत्पादक उपयोग में लाया गया है। इसके अलावा, सरकार को

रद्दी के निपटान से 3 सौ 70 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व भी प्राप्त हुआ और चार लाख 56 हजार लोक शिकायतों का निवारण किया गया।

अब सुर्खियां समाचार पत्रों से....

आज सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। मौसम की खबर को **पंजाब केसरी ने शीर्षक दिया है साच पास दर्रे पर हिमपात, कुल्लू के नग्गर में ओलावृष्टि। दैनिक भास्कर** ने लिखा है **सदी की सबसे बड़ी त्रासदी देकर 100 दिन बार प्रदेश से विदा हुआ मानसून। आपका फैसला** के अनुसार **लाहौल–स्पीति की चोटियों पर हिमपात, मनाली और शिमला में बरसे बादल, ओलावृष्टि भी हुई।**

85 दिन बाद कालका से शिमला पहुंची ट्रेन, आज से नियमित आवाजाही अमर उजाला की एक खबर है। **दैनिक भास्कर** ने लिखा है **84 दिन के बाद ट्रैक बहाल, अब रेल से पहुंच सकेंगे शिमला। आपका फैसला** का कहना है **50 यात्रियों को लेकर 84 दिन बाद राजधानी शिमला पहुंची ट्रेन।** इसी पत्र के अनुसार **मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने गांधी जयंती पर नगर निगम शिमला को दिए चार गारबेज कॉम्पेक्टर्स।**

दैनिक सवेरा टाइम्स के अनुसार **अनुराग ने भाजपा पदाधिकारियों को आगामी लोकसभा चुनावों में जुट जाने के दिए निर्देश।**

33 सौ पंचायतों में नहीं हुई ग्राम सभा सरकार ने वार्ता को बुलाए कर्मचारी अमर उजाला की एक खबर है। दिव्य हिमाचल के शब्द हैं **वार्ता के लिए बुलाए जिला परिषद कर्मी।**

शक्तिपीठों के लिए शुरू होगी धार्मिक सर्किट बस सेवा शीर्षक **हिमाचल दस्तक** ने लिखा है हिमाचल के बड़े मंदिरों के एक दिन में दर्शन कर पाएंगे श्रद्धालु।

पंजाब केसरी के शब्द हैं **मंत्रिमंडलीय उप समिति तैयार करेगी 5 लाख युवाओं को रोजगार देने का रोडमैप।**